




नवभारत

भोपाल, शुक्रवार 14 अगस्त, 2026


## एक नजर में

### चांचौड़ा में आज विश्वास अभियान का शिविर

**गुना।** जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत दूसरा जिला स्तरीय शिविर शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 को चांचौड़ा विकासखंड की कृषि उपज मंडी पेंची में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं के शत-प्रतिशत निराकरण के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उड्म'ीउड्म1 किशोर कुमार कन्याल ने शिविरों के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस जिला स्तरीय शिविर में सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे।

### तिरंगा के रंग में रंगेगा शहर, आज यात्रा

**गुना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संचालित हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत 14 अगस्त को गुना शहर में एक भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली जाने वाली यह यात्रा शाम 4:30 बजे लक्ष्मीगंज से प्रारंभ होगी। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए यह यात्रा पशु चिकित्सालय हाट रोड पहुंचेगी, जहां भारत माता की आरती और राष्ट्रगान के साथ इसका भव्य समापन होगा। यात्रा के दौरान लक्ष्मीगंज, सदर बाजार, निचला बाजार एवं सराफा क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों द्वारा इसका जोरदार स्वागत किया जाएगा। अभियान में व्यापारियों और आम नागरिकों के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस बल, नगर पालिका विभिन्न विभागों के शासकीय कर्मचारी से अपील की है।

# गुना में नवाचारों से लिखी जाएगी विकास की नई इबारत

## जिला स्तरीय 'पंच सम्मेलन' में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल का आह्वान, प्राकृतिक खेती

### पशुपालन, हॉर्टिकल्चर और जल संरक्षण के बल पर राज्य स्तर पर पहचान बनाने का दिया संदेश




नवभारत न्यूज

**गुना 13 अगस्त का। जब गाँव अपनी पारंपरिक कार्यशैली से बाहर निकलकर कुछ नया करने का जज्बा दिखाते हैं, तब केवल पंचायतों की सूरत ही नहीं बदलती, बल्कि पूरे जिले की साख राज्य स्तर पर चमकने लगती है। इसी सशक्त विचार और नए संकल्पों के साथ गुरुवार को शहर के गायत्री मंदिर के सामने स्थित शुभ-विदाई गार्डन में जिला स्तरीय 'पंच सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया।**

'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के तहत आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण सह सम्मेलन का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को शासन की प्राथमिकताओं, जन-कल्याणकारी योजनाओं और आजीविका संवर्धन के नए रास्तों से जोड़ना था। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिलेभर से आए सरपंचों, पंचों और त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल वही काम पर्याप्त नहीं हैं जो हर दिन पंचायतों में किए जाते हैं। अब समय आ गया है कि पंचायतें अपने क्षेत्र में कुछ ऐसे अनूठे और असरदार नवाचार (इन्नोवेशंस) अपनाएं, जिससे पूरे प्रदेश में गुना जिले का नाम मिसाल के तौर पर लिया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी बड़ा लक्ष्य अकेले हासिल नहीं किया जा सकता, इसके लिए जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को एक टीम की तरह मिलकर काम करना होगा।

#### हर पंचायत अपनाए ये दो अनिवार्य नवाचार

ग्रामीणों के जीवनस्तर और स्वास्थ्य में क्रांतिकारी सुधार के लिए कलेक्टर ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष दो प्रमुख नवाचारों का प्रस्ताव रखा। 'एक परिवार - एक गाय' और गो-आधारित खेती: ग्रामीणों को पशुपालन से जोड़ने के लिए गांव के परिवारों को कम से कम एक गाय गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। आगे चलकर तकनीकी सहयोग के जरिए इसी गोबर-गोमूत्र पर आधारित प्राकृतिक (जैविक) खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाए। किसानों को हॉर्टिकल्चर और आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाए। जैविक और प्राकृतिक खेती से तैयार अनाज व सब्जियाँ न सिर्फ मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम हैं, बल्कि बाजार में इनके बेहतर दाम मिलने से किसानों की आय भी तेजी से बढ़ती है।

#### किसानों की आय दोगुनी करने वाले मॉडल

कलेक्टर कन्याल ने सम्मेलन में जिले के कुछ ऐसे जागरूक किसानों के सफल प्रयोगों का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने पारंपरिक फसलों के ढर्रे से हटकर अपनी आय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जिले के कई किसानों ने सब्जी उत्पादन से अपनी वार्षिक आय 5 लाख रुपये तक पहुँचाई है। वहीं, थाई पिंक अमरूद की आधुनिक खेती से 10 लाख रुपये और गुलाब के फूलों की व्यावसायिक खेती से 15 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा कमाया है। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से कहा कि ऐसे सफल कृषि मॉडलों को अपनी-अपनी पंचायतों में किसानों के बीच ले जाएं और उन्हें पारंपरिक खेती के साथ-साथ हॉर्टिकल्चर (उद्यानिकी) अपनाने के लिए प्रेरित करें।



#### जल संरक्षण और मछली पालन से खुलेंगे समृद्धि के द्वार

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जल के महत्व को रेखांकित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि हर पंचायत में जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि गांवों में तालाबों का निर्माण कराया जाए और पेयजल के स्थायी स्रोत विकसित किए जाएं, तो इससे न सिर्फ खेती और पशुओं के लिए पानी मिलेगा, बल्कि मछली पालन जैसी सहायक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। यह कदम गाँव के छोटे किसानों और मजदूरों के लिए अतिरिक्त कमाई का बड़ा जरिया बन सकता है।

#### आयुष पद्धति : 'इलाज से बेहतर है बीमारियों से बचाव'

स्वास्थ्य प्रबंधन पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि हमें प्राचीन आयुष चिकित्सा पद्धति के उस मूल मंत्र को अपनाना होगा जो बीमारी होने के बाद इलाज कराने की जगह, बीमारी को होने ही न देने (बचाव) पर जोर देता है। पंचायतों को चाहिए कि वे अपने स्तर पर स्वस्थ जीवनशैली, सही खान-पान और योग जैसी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करें। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पंचायत व्यवस्था में उत्कृष्ट, पारदर्शी और जनहितैषी कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों में गाँव के विकास को लेकर एक नया उत्साह और दिशा देखने को मिली।



## धूमधाम से मनाई राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की 388वीं जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा, प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

गुना। शहर में राठौर समाज द्वारा राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की 388वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर हनुमान मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका मार्ग में स्थान-स्थान पर स्वागत हुआ। लक्ष्मीगंज चौराहे पर साहू समाज द्वारा शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा के पश्चात एक निजी गार्डन में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सेवाभावी बुजुर्गों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के संरक्षक प्रेमनारायण राठौर ने सामाजिक एकता पर विशेष जोर दिया और समाज द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में संयोजक पवन राठौर, अध्यक्ष मुकेश राठौर, महामंत्री राजेंद्र राठौर और कोषाध्यक्ष राजेश राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## मिस्त्री ने खराबी सुधारने पूरी गाड़ी खोल दी, फिर पेट्रोल में निकला पानी!

### शिकायत करने कोतवाली पहुंच गया युवक



नवभारत न्यूज

**गुना 13 अगस्त का। शहर के एबी रोड स्थित सदानंद पेट्रोल पंप से 330 रुपये का पेट्रोल डलवाने के बाद रास्ते में एक युवक की गाड़ी बंद होने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने पेट्रोल में पानी मिला होने का आरोप लगाते हुए शहर कोतवाली में शिकायती आवेदन दे दिया है।**

जानकारी के मुताबिक कुशमौदा क्षेत्र के हाल-निवासी और मारूति शोरूम में सेल्समैन पद पर कार्यरत सोनू धाकड़ गुरुवार को अपने किसी ग्राहक के पास विजिट पर जा रहे थे। उन्होंने एबी रोड स्थित सदानंद पेट्रोल पंप से 330 रुपये का पेट्रोल भरवाया था। जिसका भुगतान ऑनलाइन किया गया है।

पेट्रोल डलवाकर आगे बढ़ने पर रास्ते में गाड़ी अचानक बंद हो गई। वाहन चालू न होने पर जब इसे मैकेनिक को दिखाया गया, तो मिस्त्री ने पूरी गाड़ी की जांच की। मैकेनिक द्वारा पेट्रोल टंकी खोलने पर उसमें कथित तौर पर 2 लीटर से अधिक पानी की मात्रा पाई गई है। मामले में पीड़ित सोनू धाकड़ का कहना ने इस संबंध में कोतवाली थाने में शिकायती आवेदन दिया है।

उन्होंने आशंका जताई है कि इस तरह की समस्या अन्य ग्राहकों के सामने भी आ रही है, जिसका समाधान कराना जरूरी है। बात दें कि इस घटना से एक दिन पहले 12 अगस्त को ही संबंधित विभाग द्वारा बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल पंपों की जाँच का दावा किया गया था। अब पीड़ित की शिकायत के बाद ही प्रशासनिक जाँच में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## गुना जिले में 63 फीसदी औसत बारिश दर्ज

**गुना।** जिले में चालू मानसूनी सीजन के दौरान 1 जून से 13 अगस्त 2026 की सुबह तक कुल 672.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो जिले की सामान्य औसत बारिश (1053.5 मिमी) का लगभग 63.8 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 1174.1 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई थी। जिले के विभिन्न वषार्मापी केंद्रों पर 1 जून से अब तक दर्ज वर्षा के आंकड़ों में काफी भिन्नता देखने को मिली है। इस अवधि में मकसूलदनगढ़ केंद्र पर सर्वाधिक 1026.2 मिमी. और कुंभराज में 924.0 मिमी. बारिश हुई है। वहीं चांचौड़ा में 727.0 मिमी., राघौगढ़ में 642.0 मिमी., आरोन में 550.0 मिमी., गुना में 469.5 मिमी. तथा बमोरी केंद्र पर सबसे कम 369.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं, बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 7.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। गुना केंद्र पर सर्वाधिक 45.3 मिमी. वर्षा दर्ज हुई, जबकि बमोरी व राघौगढ़ में 2.0-2.0 मिमी. बारिश हुई। आरोन, चांचौड़ा, कुंभराज और मकसूदनगढ़ में इस दौरान वर्षा शून्य दर्ज की गई।

## क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में रोमांचक वॉलीबॉल मुकाबला



**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय की दो टीमों—भगत स्पाइकर्स और वीर वॉरियर्स के बीच एक रोमांचक वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) किशन यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और सर्विस फेंककर किया।

मैच शुरू से अंत तक बेहद कड़ा और सांसें थमा देने वाला रहा। कप्तान तौशिक के नेतृत्व वाली भगत स्पाइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप्तान जे.पी. की टीम वीर वॉरियर्स को बेहद कड़े मुकाबले में मात्र 1 अंक के अंतर से हराकर यादगार जीत दर्ज की। मैदान में मौजूद कुलपति प्रो. (डॉ.) किशन यादव ने पूरे मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मैच के बाद उन्होंने विजेता टीम को बधाई दी और उपविजेता वीर वॉरियर्स की संघर्षशीलता की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा, खेल हमें सम्मान के साथ प्रतिस्पर्धा करना, समर्पित रहना और विपरीत परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ देना सिखाते हैं। हार-जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन असली पहचान खेल भावना है। शिक्षा और खेल का संतुलन ही एक आदर्श व्यक्तित्व का निर्माण करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मैच ने विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का बेहतरीन संदेश दिया।

## हिन्दू समाज ने अखंड भारत संकल्प दिवस पर निकला विशाल मशाल जुलूस

**गुना।** सकल हिंदू समाज के आह्वान पर बुधवार शाम 6 बजे शहर में अखंड भारत संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिक हाथों में जलती मशालें और राष्ट्रभक्ति के झंडे थामे इस यात्रा में शामिल हुए।

यह मशाल जुलूस शहर के हनुमान चौराहा से प्रारंभ होकर हाट रोड, सदर बाजार और लक्ष्मीगंज जैसे मुख्य मार्गों से गुजरते हुए जयस्तंभ चौराहा पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान पूरे मार्ग पर 'जय श्री राम' और देशभक्ति के नारों से माहौल गुंजायमान रहा। आयोजकों ने इस अवसर पर 'एक राष्ट्र, एक संस्कृति और एक पहचान' के संकल्प को दोहराते हुए अखंड भारत के निर्माण तथा राष्ट्र पुनर्जागरण का संदेश दिया। खराब मौसम और रिमझिम बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं और नागरिकों के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई और पूरी यात्रा अनुशासित एवं भव्य तरीके से निकाली गई।



## बारिश में मुश्किल हुआ महूगढ़ा रेलवे फाटक से आवागमन, निर्माणाधीन रास्ता कीचड़ में तब्दील, मुख्य फाटक पर रेलगाड़ियों ने रोका मार्ग

नवभारत न्यूज

**गुना।** ऊपर से धड़धड़ाती मालगाड़ी गुजर रही हो और नीचे घुटनों तक पानी भरा हो, तो आखिर बंदा जाए तो जाए कहाँ! यह कोई फिल्मी सीन नहीं, बल्कि महूगढ़ा फाटक पर बने अंडरपास से गुजरने वाले राहगीरों का कड़वा सच बन चुका है। जिस अंडरपास को करोड़ों की लागत से लोगों का सफर आसान करने के लिए बनाया गया था, वही अब ग्रामीणों के लिए आफत का सबब बन गया है। दरअसल, गुना से फतेहगढ़, नाहरगढ़ और राजस्थान कोटा की ओर जाने वाले यात्रियों को रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले लंबे जाम से मुक्ति दिलाने के लिए इस अंडरब्रिज का निर्माण कराया गया था। उम्मीद थी कि अब घंटों फाटक पर खड़े रहने का झंझट खत्म होगा, लेकिन अव्यवस्था ने लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अंडरपास में पानी की निकासी का कोई मुकम्मल इंतजाम न होने से मानसून आते ही यहाँ लबालब पानी भर गया है। स्थिति यह है कि पानी में डूबने से लोगों की गाड़ियां बंद हो रही हैं। महिला-पुरुष और स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर इस जलभराव के बीच से गुजरना पड़ रहा है। हालत यह हो चुकी है कि जब नीचे घुटनों से ऊपर पानी भरा होता है और ठीक उसी वक्त ऊपर रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी खड़ी हो जाती है, तो राहगीरों के पास फंसने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। करोड़ों खर्च होने के बाद भी मिली इस मुसीबत से स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और वे व्यवस्था सुधारने की गुहार लगा रहे हैं।

## नदी में बहे युवक का शव दो दिन बाद नाले में मिला, परिजनों ने लगाए आरोप

**गुना।** म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम हनुमतपुरा में एक दुखद हादसा सामने आया है, जहाँ नदी के तेज बहाव में बहने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के दो दिन बाद युवक का शव बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली और संवेदनहीनता को लेकर परिजनों में गहरा आक्रोश है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हनुमतपुरा निवासी कल्ला (20) पुत्र बालकिशन धाकड़ गत 11 अगस्त को मवेशी चराने के लिए निकले थे। शाम को वापस लौटते समय नाले से उतरते वक्त वे नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गए और बह गए। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। आखिरकार 13 अगस्त की सुबह कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम नेगमा के पास नदी से युवक का शव बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मृतक के पिता बालकिशन का आरोप है कि घटना के बाद जब वे शिकायत दर्ज कराने पुलिस चौकी पहुंचे, तो पुलिसकर्मियों ने मदद करने के बजाय उनसे खुद ही बेटे को ढूंढने की बात कही।

### शव वाहन तक नसीब नहीं हुआ

हैरानी और दुख की बात यह रही कि इतनी बड़ी दुखद घटना के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक के शव को जिला अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस या शव वाहन तक की व्यवस्था नहीं की गई। लाचार परिजनों को स्वयं ट्रैक्टर-ट्रॉली में शव रखकर जिला अस्पताल पहुंचना पड़ा। पुलिस की इस संवेदनहीनता को लेकर स्थानीय लोगों और परिजनों में भारी नाराजगी है।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई यात्रा

## हाथों में ध्वज थामकर शहर में निकले पुलिस के जवान



नवभारत न्यूज

**गुना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत जिला पुलिस द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। एसपी हितिका वासल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे पुलिस बल ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राष्ट्रभक्ति, एकता और समर्पण का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा एसपी कार्यालय से शुरू होकर गोपाल मंदिर तिराहा, अंबेडकर चौराहा, हनुमान चौराहा, जय स्तंभ चौराहा, हाट रोड और जगदीश कॉलोनी से होते हुए पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह शहरवासियों ने यात्रा का स्वागत कर उत्साह जताया। इस दौरान एएसपी प्रशांत सिंह सुमन, प्रभारी सीएसपी आनंद राय, एसडीओपी विवेक अस्थाना, डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दीकी, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, कंट्रोल रूम प्रभारी विकास उपाध्याय, यातायात प्रभारी अजय प्रताप सिंह, यातायात निरीक्षक मोनिका जैन तथा निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाहा सहित भारी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसी तर्ज पर जिले के ग्रामीण थानों में भी तिरंगा यात्राएं आयोजित की गईं।

## राजस्व निरीक्षक ने मांगा नायब तहसीलदार पद पर प्रमोशन, पूरा गणित भी सरकार को बताया

**गुना।** राजस्व विभाग में वर्षों से सेवाएं दे रहे राजस्व निरीक्षकों ने मध्यप्रदेश सरकार से नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नति मांगी है। इस मांग को लेकर मध्यप्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ गुना ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांगों पर शीघ्र विचार करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन के जरिए राजस्व निरीक्षकों ने पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरु करने को लेकर तर्क दिया है कि उन्हें प्रमोशन मिलता है तो भविष्य में नायब तहसीलदारों के सभी पद सीधी भर्ती से भरे जा सकेंगे। उन्हें नायब तहसीलदारों के समान वेतन भी मिल रहा है। इसलिए शासन पर कोई वित्तीय भार भी नहीं आएगा। ज्ञापन में बताया गया है कि राज्य में इस समय सीमित भर्ती परीक्षा को लेकर नायब तहसीलदारों के 672 पद खाली हैं और इतने ही राजस्व निरीक्षक वर्तमान में कार्यरत हैं। कुल मिलाकर पदोन्नति देने से सरकार के सामने किसी तरह की जटिलता नजर नहीं आती है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त छावनी तहसील गुना नगर जिला गुना म0प्र0**

क्रमांक / री-2 / 2026-27 / 334 गुना
दिनांक 07/08/26

**/ / सार्वजनिक उद्घोषणा / /**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मेन्द्र सिकरवार जिला अध्यक्ष जिला गुना भारतीय जनता पार्टी जिला गुना द्वारा कार्यालय सह आवास प.ह.न. 08 ग्राम छावनी स्थित भूमि सर्वेक्रमांक 204/2 रकबा 4.8910 हे मेसे 0.0994 हे0 भूमि का कार्यालय सह आवास निर्माण हेतु आवंटन के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त हुआ है।

अत: ग्राम छावनी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 204/2 रकबा 4.8910 हे मेसे 0.0994 हे0 भूमि का आबंटन किये जाने में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति दिनांक 24/08/26 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

विज्ञप्ति आज दिनांक 07/08/26 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी की गई।

**नरेन्द्र सिंह यादव**
**नायब तहसीलदार, वृत छावनी**
**तहसील गुना नगर (म.प्र.)**